कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 03.01.2025

विषय:- **पान की दुकान के आड़ में प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा बेचने वाला अभियुक्त थाना रामनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार, प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा वजन 4.5 कि0ग्रा0 (कीमती लगभग 5600 रूपया) बरामद ।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देश पर अपराध व अपराधियों / प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक 03/01/2025 को उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह, उ0नि0 श्री अच्युतानन्द चतुर्वेदी, उ0नि0 श्री अमित त्रिपाठी, का0 दिनेश कुमार के देखभाल क्षेत्र में टेंगरा मोड़ पर यातायात व्यवस्था में मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली कि साहित्यनाका मोड़ के पास एक पान वाला चोरी छिपे चाइनीज मांझा बेच रहा है यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है । मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त रोहित गुप्ता के पास से 4.5 कि0ग्रा0 प्रतिबन्धित अवैध चाइनीज मांझा बरामद कर समय 15.00 बजे हिरासत पुलिस लेकर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 0005/2025 धारा-293/125/223 बी0एन0एस0 व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक- 03/01/2025 समय 15.00 बजे, साहित्यनाका मोड़ के पास थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

अभियुक्त का विवरण– रोहित गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी साहित्यनाका थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी उम्र 23 वर्ष।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- रोहित गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता निवासी साहित्यनाका थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी पूछने पर बता रहा है कि साहित्यनाका में मेरी पान की दुकान है उसी दुकान की आड़ में मैं चाइनीज मंझा बेचता हूं कि आज आप लोगों ने पकड़ लिया।

बरामदगी का विवरण- अभियुक्त के कब्जे से प्रतिबन्धित चाइनीज मांझा वजन 4.5 किलोग्राम बरामद हुआ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण –

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह चौकी प्रभारी कस्बा थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 श्री अच्युतानन्द चतुर्वेदी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री अमित त्रिपाठी थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी ।
5. का0 दिनेश कुमार थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।